तीन दिवसीय ''बूंदी महोत्सव'' का भव्य शुभारंभ

महोत्सव में बूंदी का सांस्कृतिक वैभव छलका, शहर में लोक संस्कृति की छटा बिखरी



परिषद सभापति भरत शर्मा, एसपी अवनीश कुमार व वंशवर्धन सिंह ने महोत्सव का शुभारंभ किया।



''बूंदी महोत्सव'' के दौरान साफा बांध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

बूंदी, (निसं)। हाड़ौती के पर्यटन पर्व ''बूंदी महोत्सव'' का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी छोटी काशी बूंदी में लोक सांस्कृतिक रंगों के बीच हुआ। नगर परिषद सभापति भरत शर्मा, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा व वंशवर्धन सिंह ने गढ़ पैलेस में मंगल वाद्य यंत्रों की ध्वनि के बीच मंत्रोच्चार, शंखनाद, गणपति पूजन वंदन और झंडारोहण के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके तुरंत बाद, भरत शर्मा ने गढ़ पैलेस में ही कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का उद्घाटन किया।

शुक्रवार के आयोजनों का मुख्य आकर्षण नवल सागर से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा रही। शाही लवाजमे के साथ निकली इस यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे विभिन्न समुदायों के लोगों, लोक कलाकारों, और सजे हुए ऊंट-घोड़ों ने बूंदी की सड़कों पर हाड़ौती की समृद्ध लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। शोभायात्रा के दौरान शहर के बाजारों में बोहरा समाज, कौमी एकता, होटल व्यवसायी, जैन समाज, सिख समाज, रोटरी क्लब सहित अन्य समाजों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यह भव्य शोभायात्रा पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर सम्पन्न हुई। महोत्सव के तहत निकाली गई शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोक संस्कृति के रंगों का निहारने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे और छतों नजर आए।

■ शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे विभिन्न समुदायों के लोगों, लोक कलाकारों, और सजे हुए ऊंट-घोड़ों ने बूंदी की सड़कों पर हाड़ौती की समृद्ध लोक संस्कृति के रंग बिखेरे

गढ़ गणेश की पूजा अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा गढ़ परिसर से रवाना हुई। शोभायात्रा में लोक कलाकारों ने संगीत, धुनों के बीच कच्छी घोडी नृत्य कर समां बांधा। वहीं परम्परागत लोक वाद्यों की धुनें गुंजायमान रही। गढ़ की पड्स से आरंभ होकर शोभायात्रा पुरानी बूंदी की विरासत को निहारती हुई मुख्य बाजार होकर खेल संकुल परिसर पहुंची। महोत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक बूंदी पहुंचे हैं। शोभायात्रा में नृत्य करते लोक कलाकारों ने फिजां में उत्सवी रंग घोल दिए। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से संदेश बोधक झांकियां भी आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसके बाद, पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह से पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का रोमांच शुरू हुआ। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित रस्सा-कस्सी, ऊंट दौड़, घुडदौड़, मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांधना और पणिहारी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में स्थानीय निवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया और अपना दमखम दिखाया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर एचडी सिंह, जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चारू, अतिरिक्त जिला कलैक्टर (सीलिंग) रमेश देव, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, उपसभापति संजय भूटानी, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक शरद व्यास सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बोलेरो कैंपर ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित थबूकड़ा गांव में बोलेरो चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बुरी तरह घायल बाइक सवार की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के भतीजे की तरफ से बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि खेड़ापा स्थित बिराईराम चौकी के पास रहने वाले महेंद्र पुत्र सुखाराम सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके चाचा मनोहरलाल सोनी बाइक लेकर बनाड़ के थबूकड़ा गांव से निकल रहे थे।

राजस्थान सरकार

कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-F.32 (B) (After Policy 2026-27)/EX/L/2026-06481-9018219/484 दिनांक-यथाहस्ताक्षर

मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचनाः-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा क्रमांक प.4 (1) वित्त/आब/2026 दिनांक 27 जनवरी, 2026 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधानानुसार मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.सं.	नीलामी की दिनांक	नीलामी का समय
1	01.12.2026	प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक

1. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in से अपने SSO ID के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रकियानुसार दिनांक एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर ''Citizen'' केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।
2. नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम पांच घण्टे की होगी एव उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार (indefinite extension) तक जारी रहेगी।
3. बोलीदाता को कम से कम रू. 10,000/- अथवा रू. 10,000 के गुणांक मे बढाकर बोली लगानी होगी।
4. बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राइस/पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढाकर बोली नही लगा सकेगा।
5. कलस्टर का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
6. ऑनलाईन नीलामी में SSO ID के माध्यम से भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा कलस्टर का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक https://iems.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिये। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या अन्यथा तकनीकी कारणों से निर्धारित राशियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नही ले पाने के लिये आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।
7. प्रत्येक कलस्टर के लिये ऑनलाईन निलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित न्यूनतम रिर्जव प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि (Dynamic Earnest Money) भी जमा करानी होगी।
8. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
9. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
10. वर्ष 2026-27 के पात्र अनुज्ञाधारियों को वर्ष क्रमशः 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तों पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
11. बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा समस्त दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया जाना चाहिये।
12. मदिरा कलस्टर के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकेंगे, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
13. ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।

DIPR/C/_____/2026 आबकारी आयुक्त, राजस्थान

आपसी विवाद में मारपीट

जोधपुर, (कासं)। मथानिया के स्थित बालरवा गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और उसकी स्कार्पियो के कांच फोड़े जाने का केस दर्ज हुआ है। पीड़ित की रिपोर्ट पर नामजद सहित अन्य के खिलाफ जांच आरंभ की गई है। पुलिस ने बताया कि बालरवा गांव निवासी पुखराज माली की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी स्कार्पियो लेकर बालरवा से निकल रहा था। तब शक्तिसिंह आदि ने उसका रास्ता रोका और मारपीट की। उसकी स्कार्पियो के कांच फोड़ दिए गए। पुलिस के अनुसार इनके बीच आपसी विवाद चल रहा है।

किशनगढ़ से लौट रहे चाचा-भतीजे की सड़क हादसे में मौत

अजमेर, (निसं)। किशनगढ़ में एक परिचित की शादी समारोह में शामिल होकर पुष्कर लौट रहे चाचा-भतीजे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अजमेर-पुष्कर बाईपास पर कायड़ तालाब की पुलिया के पास तेज रफ्तार कार ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से

■ किशनगढ़ में शादी समारोह से पुष्कर लौट रहे थे

वाहन सहित फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। एक ही परिवार के दो सदस्यों की असमय मौत से पुष्कर के माली मोहल्ले में शोक की लहर छा गई।

जानकारी के अनुसार पुष्कर के माली मोहल्ला निवासी हुकुमचंद दगदी और यश दगदी आपस में चाचा-भतीजे थे। दोनों किशनगढ़ में अपने एक परिचित के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद दोनों स्कूटर से वापस पुष्कर लौट रहे थे। इसी दौरान अजमेर-पुष्कर बाईपास पर कायड़ तालाब की पुलिया के समीप तेज रफ्तार कार ने उनके स्कूटर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

गैंगस्टर रोहित गोदारा का साथी नरेश विश्नोई गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर की कोटगेट थाना पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के सहयोगी अपराधी नरेश विश्नोई को गिरफ्तार किया है। नरेश विश्नोई गैंगस्टर रोहित गोदारा का मुख्य सहयोगी बताया जा रहा है। इसके खिलाफ कई आपराधिक केस दर्ज हैं। संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। नरेश विश्नोई लंबे समय से गैंग बनाकर संगठित अपराध को अंजाम देने में एक्टिव था। पुलिस ने तकनीकी सबूत जुटकार, सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे दबोचा। बीकानेर सहित राजस्थान के अन्य जिलों में नरेश के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक नरेश विश्नोई (27) पुत्र ओमप्रकाश बीकानेर में वार्ड नंबर 43, रानीसर बास, विनोबा बस्ती का निवासी है। उसके खिलाफ गैंग बनाकर मर्डर की कोशिश, रंगदारी, फिरौती वसूली, फायरिंग कर डराने-धमकाने जैसे संगीन अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार नरेश विश्नोई गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग का मुख्य सक्रिय और प्रथम श्रेणी का अपराधी है। वह गैंग बनाकर लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से विस्तार से पूछताछ कर रही है और मामलों की जांच कर रही है। उसके नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

हॉस्टल की खिड़की से गिरने से कोचिंग छात्र की मौत

कोटा, (निसं)। कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहे कोचिंग छात्र की हॉस्टल बिल्डिंग से नीचे गिरने से मौत हो गई। छात्र ओल्ड जवाहर नगर के एक हॉस्टल में अपने दोस्तों से मिलने आया था। यहां हॉस्टल की खिड़की से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायलावस्था में छात्र को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोचिंग छात्र के हॉस्टल से नीचे गिरने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

जवाहर नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 7 बजे हॉस्टल से एक छात्र के नीचे गिरने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां घायल छात्र इटावा निवासी अमन मीणा (22) को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इमरजेंसी में चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया जहां इलाज दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। थानाधिकारी ने बताया कि छात्र नीट की तैयारी कर रहा था, जिस हॉस्टल में घटना हुई है, एक महीने पहले वह वहीं रहता था। वर्तमान में वह हॉस्टल के नजदीक दूसरी जगह पर रह रहा था, उन्होंने बताया कि छात्र सुबह हॉस्टल पहुंचा था। हादसे के बाद छात्र के परिजनों को सूचना दी गई सूचना पाकर परिजन कोटा पहुंचे। मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम कराया।

युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बालाडिट के पास बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे रामलाल पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कोतवाली थाने के एएसआई नारायणलाल ने बताया कि बोरी निवासी भगवान पटेल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा रामलाल घर से बालाडिट जाने के लिए सड़क किनारे कच्चे रास्ते पर पैदल जा रहा था। बालाडिट में नंदूलाल कलाल के घर के पास सामने से आई बाइक गलत साइड में पहुंची और रामलाल को टक्कर मार दी। टक्कर से रामलाल गिर गया।

कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी, जिला झालावाड़, राजस्थान

क्रमांक :– न.पा.भ./स्टोर/2026/2475 दिनांक :– 18.11.2026

–: ई निविदा सूचना –1/2026–27 :–

नगर पालिका भवानीमण्डी के सक्षम श्रेणी में पंजिकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा पद्धति से दिनांक 23/11/2026 से दिनांक 15/12/2026 तक 01 कार्यो की ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत / निविदा से संबंधित परिपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

NIB Code – DLB2627A9894
UBN NO. DLB2627GLOB24850

अध्यक्ष नगर पालिका भवानीमण्डी | अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भवानीमण्डी

राज.संवाद/सी/26/13803

DIRECTOR WORKS (EO)
Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner

क्रमांक : F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/578 - 91 दिनांक :- 25/11/2026

निविदा सूचना संख्या 06 वर्ष 2026-2027

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदकों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.: VAU2627WSOB00092

निदेशक कार्य राजुवास, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/13727

कार्यालय नगर पालिका मण्डल वजीरपुर जिला-सवाई माधोपुर (राज0)

क्रमांक :–न.पा.व/2026–27/2169 दिनांक 18.11.2026

ई–निविदा सूचना

नगरपालिका वजीरपुर में खुली बोली/कार्य की निविदा यूबीएन नं.निम्न प्रकार है।

1. **यूबीएन नं DLB2627SLOB24935**

उक्त ई–निविदा आमंत्रित की गई है। ई निविदा सूचना एवं शर्ते राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in and http:/eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका वजीरपुर

राज.संवाद/सी/26/13755

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

अल्पकालीन निविदा सूचना-05/2026-27

विश्वविद्यालय द्वारा ई–निविदा सूचना क्रमांक 11065 दिनांक 23.11.2026 के तहत Annual rate contract for maintenance of Plants and Trees at Campus of MGSU, Bikaner (निविदा राशि रू. 25.00 लाख) हेतु निविदा जारी की गई है, जिसकी एनआईबी GSU2627A0033 एवं यूबीएन GSU2627SLRC00033 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in एवं स्टेट प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/13725 सम्पदा अधिकारी

कार्यालय नगर निगम जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर–15)

क्रमांक :– जसअ/2026/317 दिनांक: 23.11.2026

–: : ई–निविदा सूचना संख्या 11 से 21 एवं 23 से 61/2026–27 : :–

नगर निगम जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2627WSOB00809, JMC2627WSOB00810, JMC2627WSOB00811, JMC2627WSOB00812, JMC2627WSOB00813, JMC2627WSOB00814, JMC2627WSOB00815, JMC2627WSOB00816, JMC2627WSOB00817, JMC2627WSOB00818, JMC2627WSOB00819, JMC2627WSOB00820, JMC2627WSOB00821, JMC2627WSOB00822, JMC2627WSOB00823, JMC2627WSOB00824, JMC2627WSOB00825, JMC2627WSOB00826, JMC2627WSOB00827, JMC2627WSOB00828, JMC2627WSOB00829, JMC2627WSOB00830, JMC2627WSOB0031, JMC2627WSOB00832, JMC2627WSOB00833, JMC2627WSOB00834, JMC2627WSOB00835, JMC2627WSOB00836, JMC2627WSOB00837, JMC2627WSOB00838, JMC2627WSOB00839, JMC2627WSOB00840, JMC2627WSOB00841, JMC2627WSOB00842, JMC2627WSOB00843, JMC2627WSOB00844, JMC2627WSOB00845, JMC2627WSOB00846, JMC2627WSOB00847, JMC2627WSOB00848, JMC2627WSOB00849 JMC2627WSOB00850 JMC2627WSOB00851, JMC2627WSOB00852, JMC2627WSOB00853, JMC2627WSOB00854, JMC2627WSOB00855, JMC2627WSOB00856, JMC2627WSOB00857, JMC2627WSOB00858 पर देखा जा सकता हैं। इच्छुक संवेदकों को ई–निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम जयपुर

राज.संवाद/सी/26/13792

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक : प.आब/वाहन निलामी/2026-27/1448 दिनांकः- 27.11.2026

जब्तशुदा वाहनों की नीलामी सूचना

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी उदयपुर/राजसमंद/डूंगरपुर/चित्तौड़गढ़/बांसवाड़ा द्वारा राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के तहत राजसात किये गये 199 वाहनों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 08.12.2026 व 09.12.2026 को प्रातः 10:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, नगर निगम उदयपुर, टाउन हॉल लिंक रोड़, उदयपुर पर रखी गई है। नीलामी किये जाने वाले वाहनों का विस्तृत विवरण (यथा वाहन का प्रकार, अमानत राशि इत्यादि) विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(प्रभा गौतम) RAS
जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण

ई-नीलामी दिसम्बर, 2026

294 आवासीय/व्यावसायिक एवं अन्य भूखण्ड



93 व्यावसायिक भूखण्ड

01 खसरा नं. 288 ग्राम चैनपुरा, जवाहर सर्किल तहसील सांगानेर, जयपुर (एयरपोर्ट के नजदीक)

10 आदिनाथ सरोवर-ए योजना, जयपुर | 01 अनिरूद्ध एनक्लेव योजना जयपुर | 03 चेतन विहार, जयपुर | 09 दीनदयाल नगर, जयपुर | 01 डायमण्ड सिटी योजना जयपुर | 01 गनक एन्क्लेव योजना, जयपुर

01 गोविंदपुरा करधनी डी-ब्लॉक स्कीम, जयपुर | 02 हनुमान नगर एच जयपुर | 01 हनुमान वाटिका ए-1 योजना, जयपुर | 05 हरित विहार, योजना, जयपुर | 03 हर्ष वाटिका योजना, जयपुर | 01 रामचन्द्रपुरा योजना तह. सांगानेर ERCP योजना, जयपुर | 01 आकृति एन्क्लेव-ए योजना, जयपुर | 02 खुशी संसार योजना, जयपुर | 07 कृष्णा सिटी, जयपुर | 01 नाथू लाल करोल एन्क्लेव योजना, जयपुर | 01 गोल्डन रेजीडेंसी स्कीम, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2595

03 रियासत निर्वाणा (निजी खातेदार) योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/497 | 04 संतोष विला ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर | 01 शौर्य नगर योजना, जयपुर | 02 श्रीनाथ एन्क्लेव तहसील-बस्सी जयपुर | 01 दी ग्रेटर जगतपुरा योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/2926 | 02 दी रिंग एवेन्यू ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर | 02 दी रियासत रेजीडेंसी योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/2033 | 01 टाईम्स ईस्टेट फेज-।।, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/3671 | 21 वेस्ट वे हाईटस (जेडीए योजना), जयपुर | 04 यमुना विहार जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2025/3622 | 01 गोविंदम आश्रम योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2024/3315

68 मिश्रित उपयोग भूखण्ड

03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खण्डवास जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सिरोली जयपुर | 05 रिंग रोड परियोजना ग्राम - गोनेर जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - लखेसरा जयपुर | 04 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खटवाडा जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - विमनपुरा जयपुर | 02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - पीपला जयपुर | 08 रिंग रोड परियोजना ग्राम - मुहाना जयपुर | 02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अबरावाला जयपुर | 05 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अभयपुरा जयपुर

09 रिंग रोड परियोजना ग्राम - बदनपुरा जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - मनोरियावाला जयपुर | 08 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सीतारामपुरा जयपुर | 02 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खेडी गोकुलपुरा जयपुर | 04 रिंग रोड परियोजना ग्राम - खेतपुरा जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - लक्ष्मीपुरा जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - सूरजपुरा जयपुर | 03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - श्यामपुरा बुहारिया जयपुर | 03 रिंग रोड परियोजना ग्राम - अजयराजपुरा जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - प्रहलादपुरा जयपुर

01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - दादिया जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - बुरथल जयपुर | 01 रिंग रोड परियोजना ग्राम - शिवदासपुरा जयपुर

88 आवासीय भूखण्ड

57 अभिनव विहार विस्तार, जयपुर | 03 आदित्य विहार योजना, जयपुर | 01 आनन्द विहार जयपुर | 02 आनन्द लोक-1 जयपुर | 01 अनुपम विहार योजना, जयपुर | 01 अटल योजना जयपुर | 01 बगरू ग्रीन योजना जयपुर

15 ग्रुप हाउसिंग

04 अनुपम विहार योजना, जयपुर | 11 हरित विहार योजना, जयपुर

11 दीनदयाल नगर योजना जयपुर | 01 फ्लेटेड हाउसिंग योजना मनोहरपुरा, जयपुर | 01 पटेल नगर योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2588 | 01 पत्रकार कॉलोनी, जयपुर | 01 स्वर्ण विहार जयपुर | 02 विप्र विहार जयपुर | 05 यस विहार जयपुर

सर्विस यार्ड गोदाम | **07 निर्मित दुकान** | **06 दुकान भूखण्ड** | **संस्थानिक भूखण्ड** | **रेस्टोरेंट/कैफे**

04 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर | 10 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर | 04 अण्डपास, (एस.एम.एस. अस्पताल से ट्रोमा सेंटर) जयपुर | 03 विद्याधर नगर सेक्टर-1 जयपुर | 01 आनन्द विहार योजना जयपुर | 03 विद्याधर नगर सेक्टर-8 जयपुर | 02 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर | 02 रामचन्द्रपुरा योजना, जगतपुरा जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2019/937 | 01 निलय कुज फेस-2, जयपुर

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: 0141-2570678, 2569696, Ex.-7021, 7226, 1128

नीलामी की नियम व शर्तों के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in

RERA Website : http://rera.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/26/13811

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर- 302004